HALF YEARLY EXAMINATION

SESSION - (2023 -24)

SUBJECT - HINDI LANGUAGE

CLASS -8

Time: MM:50

1. सही विकल्प पर सही (✓) तथा गलत (×) पर गलत का चिन्ह लगाइए। (2)

क.शब्द भाषा की स्वतंत्र इकाई है।

ख.शब्द ही नियमों में बँधकर पद बनाते है।

ग.पदों का स्वतंत्र प्रयोग नहीं होता है।

घ.रचना के आधार पर शब्दों के पाँच भेद हैं।

2.रिक्त स्थानों की पूर्ति कारक चिह्नों से कीजिए - (2)

क. आज मैंने कुशल ______ को बहुत डाँटा।

ख. तोता डाल ______ बैठा है।

ग. आभा बस______ गिर गई।

घ. अध्यापिका ने छात्रा को डंडे _____ पीटा।

3.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (3)

क.सर्वनाम किसे कहते हैं?

ख.विशेषण के कितने भेद होते हैं? उदाहरण सहित उनके नाम लिखिए।

ग.रचना के आधार पर शब्दों के कितने भेद हैं?

4. निम्नलिखित शब्दों के विभक्ति चिन्ह लगाइए - (2)

कर्ता कारक , करण कारक , संबंध कारक , अधिकरण कारक

5. निम्नलिखित शब्दों से विशेषण बनाइए। (3)

युग ,पर्वत ,वेद , कुल , भाव , गुण

6 निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - (3)

Downloaded From www.icseboard.org

जय , नवीन ,पूर्ण ,निरर्थक , भूत पाश्चात्य

7. निम्नलिखित प्रत्ययों से शब्द बनाएं - (3)

ई , इक , आलु , आवट , ता , ईन।

8. निम्नलिखित शब्दों का विग्रह कीजिए तथा समास का नाम लिखिए। (4)

यथाप्राप्त ,तिरंगा ,पीतांबर ,गुण दोष।

9. एकार्थक प्रतीत होने वाले शब्दों के अर्थ लिखिए । (3)

क.उपयोग प्रयोग

ख.पुराना प्राचीन

ग.अनुज अग्रज

10. दिए गए अनेकार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए । (1)

दल , शून्य

11.श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों का अर्थ लिखिए । (2)

कोश - कोष। , कुल - कूल

12. निम्न शब्दों के दो दो पर्यायवाची शब्द लिखें- (4)

पृथ्वी। , गंगा ,साँप , पावन

13. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए । (2)

आँच न आने देना ,एक और एक ग्यारह

14. गंगा : 'भारतीय संस्कृति का प्रतीक है ' पर एक अनुच्छेद लेख लिखिए । (3)

15. अपने मित्र को बड़े भाई के विवाह में सम्मिलित होने का निमंत्रण पत्र लिखिए । (3)

16. समाचार पत्र पर एक निबंध लिखिए । (5)

17. दिए गए गद्यांश को पढ़ कर प्रश्नों के उत्तर लिखें। (5)

महीन , कुदरती धागे के सहारे अधर में झूलती मकड़ी को देखकर क्या आपने कभी सोचा है कि इस नन्हीं जान के ऐसा करने के पीछे क्या उद्देश्य हो सकता है ? आखिरकार उलटा लटककर मकड़ी क्या करती है ? हाल में स्पेन एवं क्रोशिया के कुछ शोधकर्ताओं ने मकड़ियों की कुछ ऐसी प्राजातियों का अध्यन किया , जो अपने तमाम काम उल्टा लटककर निपटाती हैं । उन्होंने पाया कि मकड़ियों की इस असामान्य

Downloaded From www.icseboard.org

' उलटचाल ' से उनके भीतर एक उच्च ऊर्जा क्षमता पैदा होती है । थलचरियों में से अधिकतर अपनी गति के लिए भू- सतह का मुख्य आधार के रूप में उपयोग करते हैं । इस विकास क्रम में उनके पाँव इस लायक हो गए कि वे उनके शरीर का भार वहन कर सकते हैं।लेकिन मकड़ियों की अनेक प्रजातियाँ शब्दशः ' उलटी दुनिया ' में ही ज़्यादा सहज रहती हैं। ऐसी मकड़ियाँ अपने जीवन का अधिकतर समय उलटा लटकते हुए ही बीतती हैं और गुरुत्व के प्रभाव में झूलते हुए ही ' टहलती ' हैं।

1. मकड़ी किसके सहारे अधर में झूलती है ?

2.मकडड़ियाँ किसके प्रभाव से उलटा लटकते हुए टहलती हैं ?

3.चलने के लिए भू -सतह का मुख्य आधार के रूप में प्रयोग करने का क्या परिणाम निकला ?

4.स्पेन और क्रोशिया के शोधकर्ताओं ने अनेक मकड़ियों के बारे क्या निष्कर्ष निकाला ?

5.मकड़ियों की असामान्य उलटचाल से क्या होता है ?

Downloaded From www.icseboard.org